Website : www.alldstateuniversity.org E-mail ID- registrarasua@gmail.com

इलाहाबाद राज्य विश्वविद्यालय, इलाहाबाद, उ०प्र०
Allahabad State University, Allahabad, U.P.

पत्रांक : इ0रा0वि0वि0 / कु0स0का0 / 42 / 2018 दिनांक : 15 जनवरी, 2018

सेवा में,

प्राचार्य,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
इलाहाबाद राज्य विश्वविद्यालय,
इलाहाबाद।

महोदय,

कृपया आई0आई0टी0 बम्बई एवं प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्या–225 / 70–3–2015–07(28) / 2017 दिनांक 17.03.2017 के संलग्न पत्रों का संदर्भ ग्रहण करें, पत्र के अनुसार उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन एवं आई0आई0टी0 बम्बई के स्पोकेन ट्टोरियल प्रोजेक्ट के मध्य हुए एग्रीमेंट के अन्तर्गत आई0आई0टी0 बम्बई द्वारा उत्तर प्रदेश के समस्त विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों में निःशुल्क ई–लर्निंग कोर्सेज कराने हैं। इस सेवा के उपयोग हेतु आई0आई0टी0 बम्बई के निर्देशानुसार हमारे विश्वविद्यालय से 31 महाविद्यालयों का चयन किया गया है, जिसमें आपका महाविद्यालय भी सम्मिलित है। कृपया अपने महाविद्यालय से उक्त कोर्स हेतु एक समन्वयक का नाम प्रस्तावित करने का कष्ट करें एवं समन्वयक के सम्बन्ध में निम्न सूचनाएँ अधोहस्ताक्षरी एवं आई0आई0टी0 बम्बई के संलग्न पत्र में उल्लिखित प्रोग्राम कोआर्डिनेटर को भी दिनांक 20.01.2018 तक प्रेषित करने का कष्ट करें।

1. महाविद्यालय का नाम –
2. समन्वयक का नाम –
3. समन्वयक का टेलीफोन नं0–
4. समन्वयक का ई–मेल पता –

आपको यह भी सूचित किया जाता है कि स्पोकेन ट्टोरियल, आई0आई0टी0 मुम्बई द्वारा एक मास्टर ट्रेनिंग कार्यक्रम दिनांक 24.01.2018 को अपरान्ह 11.30 बजे विश्वविद्यालय स्थित स्मार्ट क्लास में आयोजित किया जा रहा है जिसमें आपके महाविद्यालय समन्वयक का उपस्थित होना अनिवार्य है। कृपया उक्त कोर्स हेतु आपके महाविद्यालय के समन्वयक को निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित होने हेतु भेजने का कष्ट करें।

डॉ0 (साहब लाल मौर्य)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. श्री एश्वर्य सेठ, ट्रेनिंग मैनेजर, स्पोकेन ट्टोरियल,
   ई–मेल– aashrayaset@gmail.com, Mob. No. +91-8960070001
2. निजी सचिव कुलपति जी को कुलपति जी के सूचनार्थ।

कुलसचिव